
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 04 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 63


## अमेरिकी कोर्ट ने नर्स को सुनाई 700 साल की सजा

### इंसुलिन का ओवरडोज देकर 17 मरीजों को मारा था, 3 साल में 22 मरीजों को ओवरडोज दिए



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

पेंसिल्वेनिया. अमेरिका की पेंसिल्वेनिया कोर्ट ने शनिवार (4 मई) को एक नर्स को 700 साल की सजा सुनाई है। नर्स का नाम हीदर प्रेसडी है। 41 साल की हीदर पर आरोप हैं कि उसने 2020 से 2023 तक पांच अस्पतालों में 22 मरीजों को इन्सुलिन का ओवर डोज दिया था, जिससे 17 मरीजों की मौत हो गई। 2023 में न्यू जर्सी और पेंसिल्वेनिया के नर्सिंग होम में 29 मरीजों की इन्सुलिन का ओवर डोज देने से मौत हो गई थी। कोर्ट ने हीदर को 19 केस में दोषी माना और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। नर्स ने अपनी नाइट ड्यूटी के दौरान उन मरीजों को भी इन्सुलिन लगाया जिन्हें डाइब नहीं थी। इन्सुलिन की डोज लगने के कुछ समय बाद ही 43 से 104 साल के मरीजों की मौत हो गई। इन्सुलिन के ओवर डोज से दिल का दौरा पड़ता है इन्सुलिन के ओवर डोज से दिल की धड़कन बढ़ जाती है और फिर दिल का दौरा पड़ता है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब 2023 के मई में हीदर पर दो मरीजों को मारने का आरोप लगा और बाद में पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में हीदर के पुराने रिकॉर्ड खंगाले गए तो सच सामने आ गया। कोर्ट में मरीजों के परिजनों ने बताया कि नर्स ने पहले बीमार लोगों के साथ अच्छे कॉन्टेक्ट बनाए, जिससे परिजनों को उस पर भरोसा हो गया था। नर्स के दोस्तों ने भी कोर्ट में कहा कि हीदर बाद में मरीजों से नफरत करने लगी थी और कई बार तो उनको गालियां तक देती थी।

इस व्यवहार के बारे हीदर की मां को उनके दोस्तों और डॉक्टरों ने टेक्स्ट करके बताया था। कई बार तो कुछ लोगों ने पर्सनली जाकर बोला था कि वो मरीजों को जान से मारने की बातकरती है।

## पीएम मोदी बोले

### मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ:मेरे पास ना साइकिल ना घर; 25 साल में एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

पलामू / गुमला. पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार 4 मई को झारखंड के पलामू और गुमला में जनसभा की। पलामू में पीएम ने भीड़ को देखकर कहा कि आप लोगों ने JMM- कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। पीएम मोदी ने लोगों को वोट की ताकत बताई। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से आज राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गई।

पीएम ने कहा कि आपके आशीर्वाद से मोदी पर 25 साल में एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। मोदी मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ है। परिवारवाद पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग अपने बच्चों के लिए पैसा जमा कर रहे हैं। मेरे पास ना साइकिल है ना घर। मेरा परिवार और वारिस तो आप लोग हैं। मैं आपको विकसित भारत देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों को मेरे आंसू अच्छे लगते हैं।

कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान दुनियाभर में जा-जाकर रोता है। आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। मजबूत भारत आज मजबूत सरकार ही चाहता है। पीएम ने कहा कि मां भारती का अपमान नहीं सहेंगे।

मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। भारत ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था। पहले कोई समय ऐसा नहीं होता था कि देश की सेवा करते-करते नौजवान सीमा पर शहीद ना होते हों। पहले ये हर महीने चलता था। आज ये सब बंद हो चुका है। ये आपके एकवोट ने किया है।

## 17 लाख के लिए भाई को मार डाला:खून साफ कर कपड़े को जलाया, अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा





**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

बीकानेर. 17 लाख के लिए युवक ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोप है कि सिर पर लोहे की पाइप से वार किया। इसके बाद खून से सने उसके कपड़े उतारे और दूसरे कपड़े पहनाए। ताकि किसी को शक न हो। भाई की बॉडी को घर के आंगन में रख दिया। सुबह घरवाले जागे तो कहने लगा कि नशे के कारण मौत हुई है। इतना ही नहीं, उसके अंतिम संस्कार की भी तैयारी थी। इतने में पड़ोसी ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बीकानेर के खाजूवाला का है।

### प्लॉट की रकम में हिस्सा नहीं दिया

एसपी तेजस्विनी गौतम के अनुसार, हरविन्द्र सिंह (40) की हत्या के आरोप में उसके भाई नरेंद्र सिंह (45) को गिरफ्तार किया गया है। हरविन्द्र खाजूवाला के 3 केजेडी का रहने वाला था। हरविन्द्र की पत्नी कर्मजीत कौर अपने पीहर रह रही है। उसने जेठ नरेंद्र सिंह, जेठानी वीरपाल कौर और जेठूते (जेठ का बेटा) अंगद पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। कर्मजीत ने पुलिस को बताया कि पति तीन केजेडी में टेलरिंग का काम करता था। ढाई साल पहले अनूपगढ़ (बीकानेर) में जेठ ने 17 लाख रुपए में प्लॉट बेचा था। यह प्लॉट हरविन्द्र और नरेंद्र दोनों के नाम पर था। नरेंद्र ने प्लॉट की रकम अपने पास रख ली। हरविन्द्र ने अपना हिस्सा मांगा। नरेंद्र ने फूटी कौड़ी देने से इनकार कर दिया। इसको लेकर लड़ाई भी होती थी। इसी बीच, जेठ-जेठानी ने मिलकर कर्मजीत को घर से निकलवा दिया। मजबूरी में कर्मजीत अपने पीहर चली गई।

### पुलिस के सामने गिड़गिड़ाया

एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया- गुरुवार रात करीब 2 बजे की घटना है। शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारे लाल शिवरान टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। नरेंद्र सिंह ने बताया कि नशे की ओवरडोज के कारण मौत हुई है। पुलिस ने हरविन्द्र की मां से भी पूछताछ की। उन्होंने बताया कि बेटा रात दस बजे घर आ गया था। अपने कमरे में सो गया था। रात को उसने कोई नशा नहीं किया था। शक होने पर कॉन्स्टेबल जोधाराम व चालक रेशम सिंह ने घर की तलाशी ली। प्लास्टिक की थैली में खून से सने कपड़े मिल गए। पुलिस ने नरेंद्र सिंह से सख्ती से पूछताछ की। उसने कबूल किया कि उसका अपने भाई हरविन्द्र से झगड़ा हो गया था। हरविन्द्र प्रॉपर्टी के रुपए मांग रहा था। इसलिए पाइप से भाई के सिर पर मारा था। चोट गहरी लगी और उसकी मौत हो गई। रात को ही उसके कपड़े बदल दिए और जमीन पर लगे खून को कपड़े से साफ कर दिया। कपड़े को बाद में जला दिया। कमरे की दीवारों और संदूक से भी खून के धब्बे साफ कर दिए थे। इसके बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली और जले ही कपड़े और चादर बरामद कर लिए। पुलिस ने नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया तो वो गिड़गिड़ाने लगा और बोला माफ कर दो। गलती हो गई है।

## भारत में सोने की तस्करी करते पकड़ी गई अफगानी डिप्लोमैट

### दावा- दुबई से मुंबई लाई 25KG सोना, कपड़ों में छिपाए 1-1 किलो के गोल्ड बार्स

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

मुंबई/काबुल. भारत में मौजूद अफगानिस्तान की डिप्लोमैट को मुंबई एयरपोर्ट से 25 किलो सोने की तस्करी करते पकड़ा गया है। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' ने अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान की कॉन्सुल जनरल जाकिया वर्दाक दुबई से भारत में 18.6 करोड़ के सोने की तस्करी करने की फिराक में थीं।

उन्होंने अपने कपड़ों में सोने के बार छिपाए हुए थे। डिप्लोमैट को 25 अप्रैल को एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई। वर्दाक के खिलाफ केस दर्ज करके सोने को जब्त कर लिया गया है।

### डिप्लोमैटिक इम्यूनिटी की वजह से नहीं हुई गिरफ्तारी

रिपोर्ट के मुताबिक, कस्टम्स एक्ट 1962 के तहत अगर किसी व्यक्ति के पास से जब्त हुए सोने की कीमत 1 करोड़ से ज्यादा होती है, तो उसे तुरंत गिरफ्तार करके आपराधिक मामला दर्ज किया जाता है। हालांकि,



वर्दाक के पास अफगानिस्तान की तरफ से जारी हुआ डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है। डिप्लोमैटिक इम्यूनिटी की वजह से फिलहाल उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए वर्दाक ने कहा, "मुझे ये आरोप सुनकर हैरानी हुई है। मैं अफगानिस्तान के कॉन्सुलेट ऑफिस में काम करती हूं। फिलहाल मेडिकल जरूरतों की वजह से मुंबई में नहीं हूं।"

रिपोर्ट के मुताबिक डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) को अपने सूत्रों के जरिए इस मामले की जानकारी मिली थी। उन्हें पकड़ने के लिए दर्जनों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

### 25 अप्रैल को DRI ने एयरपोर्ट गेट पर पकड़ा

58 साल की जाकिया अपने बेटे के साथ 25 अप्रैल को शाम की एक फ्लाइट से मुंबई लौटी थीं। दोनों ने एयरपोर्ट से बाहर निकलने के लिए ग्रीन चैनल का इस्तेमाल किया था। इसका मतलब होता है कि उनके पास ऐसा कोई सामान नहीं है, जो कस्टम डिपार्टमेंट को चेक कराना जरूरी हो। एग्जिट गेट पर DRI के अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया।

जाकिया और उनके बेटे के पास 5 ट्रॉली बैग, एक हैंड बैग, एक स्लिंग बैग और एक नेक पिलो था। डिप्लोमैट होने की वजह से उनके बैगेज पर कोई टैग या मार्क नहीं लगा था। DRI अधिकारियों ने उनसे बैग में गोल्ड होने को लेकर सवाल पूछा था, लेकिन दोनों ने इन दावों को नकार दिया। इसके बाद उनके बैग की जांच हुई और उसमें सोना नहीं मिला।

DRI की महिला अधिकारी वर्दाक को पूछताछ और तलाशी के लिए दूसरे कमरे में ले गई। यहां डिप्लोमैट की जैकेट, लेगिंग, घुटने की कैप और बेल्ट में सोना बरामद हुआ। इसमें 1 किलो के वजन वाले 24 कैरेट सोने के 25 बार शामिल थे। वर्दाक के पास सोने की वैधता से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं थे।

## राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत 17 राज्यों में 2 दिन बाद बदलेगा मौसम

### 8 दिन बारिश संभव; मुंबई-तमिलनाडु के समुद्र में 5 फुट ऊंची लहरें उठ सकती हैं

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. देश में भीषण गर्मी और हीटवेव का सामना कर रहे शहरों को अगले 8 दिन राहत मिलने जा रही है। 4 मई से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी इलाकों में मौसम बदलेगा और बारिश होगी। फिलहाल उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत में आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक में हीटवेव (लू) से पारा 45 का आंकड़ा भी पार कर गया है। 3 मई को देश में सबसे ज्यादा तापमान आंध्रप्रदेश के नांदयाल का रहा, जहां 46.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

इसके बाद तेलंगाना के खम्मम, बंगाल के कलाईकुंडा, ओडिशा के बौद्ध और तमिलनाडु के इरोड में पारा 42 डिग्री से 45 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ। इधर, IMD और IN-COIS (इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशियन इन्फॉर्मेशन सर्विस) ने शनिवार (4 मई) से अगले 36 घंटों के लिए मुंबई और आसपास के तटीय इलाकों में हाई टाइड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान समंदर में 5 फुट तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। एक दिन पहले केरल और तमिलनाडु में भी हाई टाइड का अलर्ट जारी किया गया। मछुआरों को 4 मई की रात 2.30 बजे से 5 मई की रात 11.30 तक समंदर में न जाने की सलाह दी गई है। राजस्थान में अगले 2 दिन में पारा 42 डिग्री तक जा सकता है। वहीं, अगले हफ्ते 20 जिलों में लू का भी अलर्ट है। गर्मी का असर 8 मई तक रहेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के



सुखाड़िया सर्कल, उदयपुर

निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को उदयपुर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में बादल छाए हैं। लेकिन बारिश होने की संभावना बहुत कम है। अगले तीन-चार दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

# शक्तिनगर, उदयपुर का बदला नज़ारा




## सम्पादकीय - प्रत्याशी का चेहरा

स्वतंत्र लेखक

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है। वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी वृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी। इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी। मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा। मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुई, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा। यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया। इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह ती यह बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला। बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे को टिकट देकर बेशक भाजपा इस जवाबदेही से बच गई है, पर यह तो जाहिर है कि वह उनका बेटा नहीं, एक तरह से वे खुद लड़ेंगे। चुनाव हुए बृजभूषण शरण सिंह पर वेशक अभी आरोप सिद्ध नहीं हैं, मगर जिस तरह महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए और जांचों से भी उनके खिलाफ तथ्य सामने आए, उससे उन्हें फिलहाल निरपराध नहीं कहा जा सकता। यह भी छिपी बात नहीं है कि उनके खिलाफ आंदोलन पर उतरी महिला खिलाड़ियों को किस तरह दमन के जरिए आंदोलन से हटाया गया। इन सबको लेकर लगातार सरकार के रवैये पर सवाल उठते रहे हैं। इसके बावजूद उनकी जगह उनके बेटे को टिकट देकर भाजपा ने एक तरह से एक नए विवाद को गले लगा लिया है। इसे लेकर विपक्षी दलों और महिला खिलाड़ियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

## बुजुर्गों की फिक्र

हमारे देश में सामान्य तौर पर बुजुर्गों की अहमियत है। सभी अपने घर के बड़े- बूढ़ों का खयाल रखने की कोशिश करते हैं। मगर उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अपेक्षित नीतिगत व्यवस्था की कमी रही है। खासकर ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य का खयाल रखने के लिए बीमा जैसी व्यवस्था में भी अभी तक उनके लिए पर्याप्त जगह नहीं रही है। यह बेवजह नहीं है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचले पायदान पर है। 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से गुरुवार को जारी एशियाई विकास बैंक की एक रपट में बताया गया है कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाना वक्त का तकाजा है। हालांकि गरीब लोगों को नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजना आने के बाद से बुजुर्गों के लिए, स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन इस ओर विशेष ध्यान देना समाज और देश के हित में है, क्योंकि अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' ज्यादा हो सकता है। दरअसल, बदलती स्थितियों में बुजुर्गों को अपनी सेहत के लिहाज से ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ती है। परिवार और समाज के अतिरिक्त व्यवस्थागत ढांचे में कुछ ऐसे नियम-कायदे हैं, जिनमें कई बार बुजुर्गों को या तो उपेक्षा झेलनी पड़ती या फिर उन्हें कमतर सुविधाएं मिलती हैं। मसलन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा के मामले में देखें तो ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैसी शर्तें रखी गई हैं, उसमें उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाता। जबकि बढ़ती उम्र के साथ सेहत के लिहाज से कई ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं, जिनमें उन्हें स्वास्थ्य बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। हालांकि अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बुजुर्गों को भी बीमा खरीदने की सुविधा प्रदान कर दी है। पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च कम और उनकी पहुंच में होना चाहिए। इस संदर्भ में देखें तो एशियाई बैंक विकास की ताजा रपट नीतिगत स्तर पर ठोस पहल की जरूरत को रेखांकित करती है।

# शक्तिनगर में धड़ाधड़ चालान, डिवाइडर ऑल क्लियर, डिप्टी बोले-ये डिवाडर है पार्किंग नहीं है तो घरों में करो

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। शक्तिनगर कट को खोलने से पहले का होमवर्क शुरू हो गया है। शहर के शक्ति-नगर में आज सुबह से घमासान मचा हुआ है। ट्रेफिक डिप्टी नेतृपालसिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने डिवाइडर को ऑल क्लियर करने की कार्रवाई शुरू की है। धड़ाधड़ चालान बनने से ग्राहक व दुकानदार, रहवासी सकते में आ गए। कहीं समझाइश से तो कहीं विरोध से चौपहिया वाहनों को एक-एक कर हटा दिया गया। उसके बाद सोशल मीडिया पर चकाचक रेड के फोटो वायरल हुए तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ कि यह वही शक्तिनगर है। खुली खुली सड़कें हैं, दूर तक मनमोहक नजारा है। आपको बता दें कि सुबह दस्ता दल बल के साथ आज सुबह करीब 10 बजे पहुंचा तो हड़कंप मच गया। तब तक दुकानें खुल चुकी थीं, ग्राहक भी आ चुके थे। डिवाइडर भी रोज की तरह चौपहिया वाहनों की पार्किंग से फुल हो चुके थे। दस्ते ने संभलने का मौका ही नहीं दिया और चालान बनना शुरू हो गए। महेश किराणा वाले भाई साहब ने बार-बार समझाया कि भाई, सामने मेरी दुकान और मकान हैं, सामने गाड़ी



खड़ी है आप चालान कैसे बना सकते हैं लेकिन फिर भी चालान बन गया। डिप्टी साहब ने कहा कि पार्किंग यहां नहीं होगी, कहीं और करो। जाते-जाते कुछ जानकार पुलिसवाले कह गए कि क्या करें? आपके आगे वाली गाड़ी का चालान बनाया था, आपका नहीं बनाते तो जनता को क्या जवाब देते? इधर, कुछ लोगों ने यह कहते हुए विरोध किया यहां लंबे समय से पार्किंग हो रही है। पुलिस को अभियान चला कर पहले हिदायत देनी चाहिए थी। इस पर डिप्टी नेतृपालसिंह ने कहा कि आज तो केवल ट्रेलर है, अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने 24 न्यूज अपडेट से बातचीत में कहा कि अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिनके पास पार्किंग नहीं है वे घरों में पार्क करें। नियमानुसार तो सबके पास पार्किंग होनी ही चाहिए। ये शुरूआत है, आगे अभियान चलता रहेगा। बताया जा रहा है कि अब इस बारे में समाज और व्यवसाइयों की मीटिंग बुलाकर सर्व सम्मत हल निकाला जाएगा। जानकारों का कहना है कि यह कवायाद शक्तिनगर में कट को खोलने के लिए हो रही है। चुनाव निपटने का इंतजार किया जा रहा था क्योंकि पहले कार्रवाई करते तो वोटिंग पर असर हो जाता। इस टाइमिंग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। शहर की नेतानगरी और पुलिस को कई सालों से पता है कि यहां पर नाला उपर होने पर भी पार्किंग होती थी व नाले का लेवल जमीन के बराबर कर देने पर भी पार्किंग होती है। मगर राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने कभी ठोस कार्रवाई नहीं की। पहले कार्रवाई कर देते तो आज पार्किंग करने वाले लोग खुद ब खुद डिसिप्लेन में आ जाते। अब चुनाव निपट गया है तो राजनीतिक हानि की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में मौका देख कर कार्रवाई शुरू की गई है। इस मामले में तीसरा पक्ष जनता का है जो इस कार्रवाई से खुश है। इतना खुला खुला शक्ति-नगर तो कइयों ने अपने जीवन में पहली बार देखा है। शक्तिगर में अब सभी व्यवसाइयों को पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम करने होंगे क्योंकि यहां पर आने वाले समय में पार्किंग की भारी समस्या आने वाली है।

## डिप्टी बोले, अब नहीं होने दी जाएगी पार्किंग, पार्षद ने कहा निगम की पार्किंग में रियायती पास बनवाओ



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

इधर मौके पर डिप्टी नेत्रपालसिंह से चर्चा के लिए क्षेत्र-वासी व दुकानदार जयश्री असनानी, उनके देवर अमन असनानी व ससुर सुरेश असनानी को लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां बरसों से पार्किंग होती आ रही है। एकदम कार्रवाई से लोग परेशान हुए हैं। व्यापारी के वाहन उठाए जाएंगे तो यह जायज नहीं होगा। समस्या का हल सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए ही निकाला जाए। जयश्री ने कहा कि जब नाला था तब एक तरफ ही पार्किंग थी मगर बाद में दोनों तरफ होने लग गई। दुकानदार और उनके ग्राहकों की गाडिया कुछ ही समय के लिए पार्क होती है। ऐसे में उन्हें या तो रियायत दी जाए तो या फिर निगम की पार्किंग में पास बना कर रियायत दी जाए। वाहन के लिए व्यापारी 1500 से 2000 रूपए हर महीने एक्स्ट्रा नहीं दे सकता है। इस पर डिप्टी ने कहा कि जिनके घरों में पार्किंग है उनकी गाडियां यहां पार्क हुई तो उठाई जाएंगी। बाकी लोगों को भी अन्य जगह पार्किंग ढूंढनी होगी। इस पर बातचीत के बाद समाधान का रास्ता निकालने की बात तय हुई। इधर, पार्शद ने एक और बात कही कि रोज षाम को सनातन धर्म मंदिर में उठावणे होते हैं जिससे यहां कम से कम दो घंटे तक पार्किंग होती है। इस पर डिप्टी ने कहा कि यदि एक दो घंटे की बात है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन स्थायी रूप से पार्किंग अब नहीं होने दी जाएगी।

# 1098 नंबर घुमाओ, बाल विवाह रोको, बड़गांव ब्लाक में महात्मा गांधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बैठक


**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर जिला प्रशासन एवं बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरूणी जैन के निर्देशन में आज बड़गांव ब्लाक के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम उच्च विद्यालय के अध्यापिकागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया बैठक का मुख्य प्रयोजन बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सभी अध्यापकगण एवं उनसे जुड़े बच्चों एवं परिजनों को इस संवेदन-शील मुद्दे के प्रति जागरूक करना था चाइल्ड हेल्पलाइन जिला परियोजना अधिकारी नवनीत औदीच्य बताया कि जिले में विगत महीने से अक्षय तृतीय एवं पीपल पूजा पर आयोजित होने वाले बाल विवाह रोकथाम को



लेकर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आज बड़गांव ब्लाक के अध्यापिकागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव वह इसको रोकने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन एवं जिला प्रशासन कंट्रोल रूम के नंबर को सभी को साझा किया गया साथ ही बाल विवाह में सम्मिलित होने वाले समस्त सदस्यों पर होने वाली कार्यवाही से भी सभी को अवगत करवाया गया साथ ही सभी को निवेदन किया गया कि अध्यापक अपने कार्यक्षेत्र के अलावा अपने परिवार व अपनी कम्युनिटी ओर अपने आसपास भी अगर इस तरह का कोई घटनाक्रम होते देखे तो बाल अधिकारिता विभाग की हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना करें कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वंदना द्वारा भी प्रशासन की इस मुहिम की प्रशंसा की साथ विश्वास दिलाया गया की पूरी टीम के माध्यम से वह भी इस कुरुति को रोकने का प्रयास करेंगे । कार्य-क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के काउंसलर मोईन मंसूरी सुपरवाइजर निर्मला लोहार ,रोहित गरासिया ,भाग्यवंती कुमावत सामाजिक कार्यकर्ता भूरीलाल जी माली, विकास जी माली और विद्यालय के समस्त स्टाफ गण उपस्थित थे ।जब भी आप किसी बालक या बालिका का बाल विवाह होते देखे तो जिला प्रशासन की हेल्प-लाइन नंबर 0294 2414 620 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करके सूचना दें इस पर आने वाले सभी कॉल गुप्त रखे जाते हैं।

## उदयपुर में रेडीमेड कपड़ों के शोरूम में चोरी:पुलिस थाने से 300 मीटर दूर पर हुई वारदात, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर. खेरवाड़ा में अज्ञात चोरों ने बनाया रेडीमेड कपड़ों के शोरूम को निशाना बना लिया। यहां से 6 हजार की नकदी सहित हजारों का सामान चुरा लिया। वारदात पुलिस थाना परिसर से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना मार्ग पर वेलवाजी प्लाजा के पास रेडीमेड कपड़े और शूज की दुकान पर बीती रात को चोरी हुई। दुकानदार खेरवाड़ा निवासी पंकज जांगिड़ ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार सुबह वह अपनी दुकान पर आया और देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर दुकान के काउंटर में रखे 6 हजार रुपए नकद, कपड़े और जूते चुराकर ले गए। चोरों द्वारा कपड़े की दुकान के पास स्थितदो अन्य दुकानों के ताले तोड़ने का भी प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। पंकज की सूचना पर खेरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की है।

## अमित शाह फेक वीडियो केस- FIR में क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी जोड़ी:दिल्ली पुलिस बोली- हमें बड़े षड्यंत्र का इशारा मिला; IT एक्ट की धारा भी शामिल




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दर्ज FIR में दिल्ली पुलिस ने आपराधिक षड्यंत्र का मामला भी जोड़ा है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हमने FIR के तहत IPC की धारा 120B (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी के तहत सजा) को जोड़ा है, क्योंकि जांच के दौरान बड़े षड्यंत्र का इशारा मिला है। गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेट सेंटर की तरफ से शिकायत पर स्पेशल सेल ने रविवार को इस मामले में सेक्शन 153 (दंगा भड़काने की मंशा से भड़काऊ बात फैलाना), 153A (धर्म, जाति, पैदा होने के स्थान के आधार पर अलग-अलग समुदाय के बीच नफरत फैलाना), 465 (किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए झूठ कहना), 171G (चुनाव के संबंध में गलत बयान देना) के तहत FIR दर्ज की थी। FIR में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IT) एक्ट के सेक्शन 66C को भी शामिल किया गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर, पासवर्ड और किसी व्यक्ति के अन्य यूनीक आइडेंटिफिकेशन के फर्जी या गैरकानूनी इस्तेमाल के साथ डील करता है।

## केबिनेट मंत्री खराड़ी को धमकी के विरोध में समर्थकों ने बंद करवाया कोटड़ा

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिलने पर आज कोटडा कस्बा बंद हैं। अक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने थोड़ी देर पहले कोटडा के बाजार को बंद करवा दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। थोड़ी देर में राज्यपाल के नाम एसडीएम को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिया जाएगा। आपको बता दें कि एक युवक ने चार दिन पहले झाड़ोल विधायक बाबूलाल खराड़ी के सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। शुक्रवार को जब उनके बेटे देवेंद्र खराड़ी ने उनके अकाउंट पर धमकी भरे इस पोस्ट को देखा तो अपने पिता को बताया। उसके बाद मंत्री खराड़ी ने शुक्रवार शाम को कोटड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया और अजयपाल लांबा और एसपी योगेश गोयल से फोन पर बात की।

# पार्टीग्रहण संस्कार : लवली को हुआ भाजपा से लव, हाथ का दामन छोड़ पहन लिया भगवा




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज ब्यूरो। कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे और हाल ही में कांग्रेस का दामन छोड कर जाने वाले अरविंदर सिंह लवली आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन से नाराज चल रहे थे। लवली ने संकेत दे दिए थे कि वे बीजेपी में शामिल होगे और आखिर उनका पार्टीग्रहण संस्कार का समय आज आ ही गया। लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका माना जा रहा हैं। लवली के अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक राज कुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुए. सभी कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। दिल्ली में अब भाजपा का कुनबा और बडा हो चला है। दिल्ली में लोकसभा का चुनाव कांग्रेस आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत लड़ रही है। कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि आम आदमी पार्टी चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। ऐसे अरविंदर सिंह लवली समेत पूर्व विधायक राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के बीजेपी में चले जाने से कांग्रेस के लिए आगे की राह मुश्किलों भरी हो सकती है।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- प्रज्वल को ब्लूकॉर्नर नोटिस की तैयारी:SIT ने CBI को रिक्वेस्ट भेजी, पिता एचडी रेवन्ना के घर पहुंची जांच टीम से भिड़े समर्थक

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

बेंगलुरु.कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजने की तैयारी हो गई है। केस की जांच कर रही SIT ने मीटिंग के दौरान कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया को यह जानकारी दी। प्रज्वल हासन से जेडीएस के सांसद और लोकसभा कैंडिडेट हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। आरोपों के बाद प्रज्वल को 30 अप्रैल को जनता दल एस से सस्पेंड कर दिया गया। प्रज्वल पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे। इस केस में एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं, जिन्हें शनिवार को दूसरा लुकआउट नोटिस भेजा गया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए शनिवार को SIT




रेवन्ना के घर पहुंची, यहां रेवन्ना समर्थकों ने टीम के साथ हाथापाई की।

28 अप्रैल को प्रज्वल के खिलाफ उनकी पुरानी हाउसमेड ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसके बाद प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो सामने आए। दावा किया गया है कि महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगा रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के खिलाफ किडनैपिंग का भी केस दर्ज किया गया है। केस में एचडी रेवन्ना के करीबी सतीश बबन्ना को गिरफ्तार किया है।

# सरकार ने प्याज निर्यात से बैन हटाया

## एक हजार किलो प्याज 45,800 से कम में नहीं बेच सकेंगे, 40% एक्सपोर्ट ड्यूटी भी लगेगी

**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट से बैन हटा दिया है। हालांकि इसके लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस (MEP) 550 डॉलर यानी करीब 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन तय कर दी है। यानी जो प्याज एक्सपोर्ट किया जाएगा, उसकी कीमत मिनिमम 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन होना जरूरी है।

यह आदेश आज से ही लागू हो गया है और अगले आदेश तक मान्य रहेगा। इसके अलावा सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40% निर्यात शुल्क लगाने का भी फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में जब प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए पहुंच गई थी तब सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।

### तीसरे चरण की वोटिंग से पहले हटा प्याज एक्सपोर्ट बैन

पिछले साल दिसंबर में सरकार ने 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी,



लेकिन उसके बाद देशों के अनुरोध के आधार पर इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई थी। इसके बाद पिछले महीने ही सरकार ने अगले आदेश तक प्याज के एक्सपोर्ट बैन को बढ़ा दिया था। एक्सपोर्ट बैन बढ़ने के बाद से व्यापारी और किसान, खास तौर पर महाराष्ट्र के किसान एक्सपोर्ट बैन हटाने का आग्रह कर रहे थे। उनका कहना था कि इससे किसानों को बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। अब सरकार ने ऐसे समय बैन हटाया है, जब 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग होने वाली है।

## पुरी से कांग्रेस कैंडिडेट सुचरिता मोहंती ने टिकट लौटाया:बोलीं- पार्टी से फंड नहीं मिला; BJP के संबित पात्रा के खिलाफ चुनाव लड़ रही थीं



**24 न्यूज अपडेट**

भुवनेश्वर. ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने अपना टिकट लौटाते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखी चिट्ठी है। इसमें सुचरिता ने चुनाव लड़ने के लिए फंड नहीं मिलने की बात कही है।

सुचरिता ने चिट्ठी में लिखा- मैं एक पेशेवर पत्रकार थी, जिसने 10 साल पहले राजनीति में प्रवेश किया था। मैंने पुरी में अपने कैंपेन में अपना सब कुछ झोंक दिया। मैंने पब्लिक डोनेशन की भी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई। बिना पार्टी फंडिंग के चुनावी कैंपेन संभव नहीं होगा।

सुचरिता ने न्यूज एजेंसी ANI से बात करते हुए कहा कि मेरे टिकट लौटाने का पहला कारण यह है कि पार्टी मुझे फंड नहीं दे पा रही थी। दूसरा यह कि राज्य की 7 विधानसभा क्षेत्रों की कुछ सीटों पर पार्टी ने जीतने वाले नेताओं को टिकट न देकर कमजोर उम्मीदवारों को उतारा है। मैं इस तरह चुनाव चुनाव नहीं लड़ सकती।

## इमरान बोले- PAK में घुस कर हत्याएं करवा रहा भारत:कहा- देश में 1971 जैसे हालात; मुझे मारने के अलावा फौज के पास कुछ नहीं



**24 न्यूज अपडेट**

इस्लामाबाद.पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि भारत उनके देश में घुस कर हत्याओं को अंजाम दे रहा है। ब्रिटिश मीडिया डेली टेलीग्राफ के लिए लिखे एक आर्टिकल में खान ने कहा, 'पाकिस्तान इस वक्त उसी रास्ते पर चल रहा है, जो उसने 1971 में अपनाया था। तब पाकिस्तान ने बांग्लादेश खो दिया था।'

इमरान ने आगे कहा, 'बलूचिस्तान में आतंकवाद की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों को गायब कर दिया जा रहा है। अफगानिस्तान के साथ हमारी सीमाओं पर भी तनाव बना हुआ है।'

इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की फौज उनके खिलाफ जो कुछ भी कर सकती थी, वो किया जा चुका है। अब उनके पास इमरान को मारने के अलावा और कुछ नहीं बचा है। खान ने कहा, 'मैं मौत से नहीं डरता हूं क्योंकि मेरे विश्वास में बहुत ताकत है। मैं गुलाम की तरह जीवन बिताने की बजाए मरना पसंद करूंगा।'

## अपार्टमेंट में महिला से रेप का आरोपी गिरफ्तार:मौके पर मिले खाने के पैकेट से आरोपी तक पहुंची पुलिस, वारदात कबूली



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर. कोतवाली थाना पुलिस ने एक महिला से रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फूड पैकेट से आरोपियों तक पहुंची और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने रेप की वारदात कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती एक महिला ने 24 अप्रैल को मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि शहर के शास्त्री कॉलोनी में एक अपार्टमेंट में रखवाली का काम करती है। उसका पति ड्राइवर है और वह गाड़ी चलाने गया था। घर पर उसका 4 साल का बच्चा और वह अकेली थी। रात के समय आरोपी उसके कमरे पर आया। घर के आंगन में वह सो रही थी। आरोपी ने चाकू दिखाकर उसके साथ रेप किया। वहीं, चिल्लाने पर मारने की धमकी दी। ब्लीडिंग होने पर उसे डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। डीएसपी राजकुमार राजोरा के नेतृत्व में सीआई भगवानलाल, हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र, कॉन्स्टेबल प्रहलाद सिंह, लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह और हेमेंद्र सिंह की टीम ने जांच की। पुलिस को मौके से 2 फूड पैकेट मिले। उन फूड पैकेट को लेकर शहर के होटलों पर छानबीन की गई। एक डायनिंग हॉल से 2 फूड पैकेट लिए थे। पुलिस ने उनके सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक ऑटो ड्राइवर फूड पैकेट ले जाते हुए दिखा। उसकी पहचान हरीश (26) पुत्र रुपसी रोत निवासी तालाब फला हिराता थाना वरदा के रूप में की गई। पुलिस ने उसकी तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# सुखाड़िया सर्कल में बच्चे ले रहे हैं मत्स्याखेट का आनंद, प्रशासन बेखबर, हो सकता है हादसा

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



24 न्यूज अपडेट उदयपुर। मछली जल की रानी है.........कविता सीखने की उम्र में ये बच्चे जल की रानी मछली से उसका जीवन छीन रहे हैं। बेखौफ शिकार कर रहे हैं। सुखाड़िया सर्कल अब इन बच्चों के लिए मछली पकड़ने का छोटा तालाब बन गया है। दोपहर की धूप में आस-पास ही रहने वाले बच्चे हर रोज इकट्ठा होकर पानी में मछली पकड़ने के कांटे लगा बैठ जाते हैं। मछली फंसते ही उसको अपना शिकार बना लेते हैं। कई बार तो बैग भर कर मछली घर ले जाते हैं। इनको कोई रोकने-टोंकने वाला नहीं है। मछली कांटे में फंसते ही शिकारी बच्चे मछली को सुखाड़िया सर्कल के अंदर के पैदल चलने वाले रास्ते पर पटक देते हैं और मछली को तड़प तड़प कर मरने देते हैं। यह दृश्य देख पर्यटक तक विचलित हो जाते हैं और उनमें उदयपुर शहर के प्रति गलत संदेश जाता है। शनिवार को 24 न्यूज अपडेट की टीम मौके पर पहुंची तो फोटो खीचने पर ये बच्चे भागने और मुंह छिपाने लग गए। बाद में वहां मौजूद एक जागरूक व्यक्ति ने बोतल में बंद मछलियों को फिर से पोंड में छोड़ कर आजाद किया। बताया गया कि लंबे समय से बच्चे मछलियों का शिकार कर रहे हैं। सुखाड़िया सर्कल तो जैसे अनाथ ही हो गया है, कोई देखने वाला नहीं है कि यहां क्या गतिविधियां चल रही हैं। पौण्ड में मछली पानी को साफ रखने के लिए डाली गई है, शिकार करने के लिए नहीं। इसके अलावा छोटे बच्चे कभी भी मछली के चक्कर में पानी में गिरकर हादसे का भी शिकार हो सकते हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम को यूं आंखें मूंदकर बैठे रहने की बजाय इस ओर तुरंत ध्यान देकर बच्चों को पाबंद करना चाहिए।

# चेंज करो स्कूल टाइम, गर्मी में तप रहे हैं बच्चे , राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए छात्र-छात्राओं के लिए स्कूली समय में बदलाव किए जाने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी तथा लगातार तापमान में बढ़ोतरी का दौर शुरू हो गया है। स्कूलों में अधिकतर कक्षाओं के विद्यार्थियों की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी है। लेकिन 16 मई तक स्कूल संचालित होने हैं। संगठन के प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश की विषम जलवायु में तमाम जिलों के स्कूलों में समुचित पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, पर्याप्त भवन, कूलर पंखों की कमी के बीच भीषण गर्मी तथा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच दोपहर एक बजे तक बच्चों को बुलाया जा रहा है। स्कूल छुट्टी के बाद बच्चे तपती दुपहरी में कड़ी धूप और गर्म हवा के थपेड़े सहते हुए घर पहुंचते हैं, जिससे उन्हें लू लगने एवं बीमार होने का अंदेशा बना हुआ है। संघ ने शिक्षामंत्री से प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी व लू के थपेड़ों से छात्र-छात्राओं को राहत देते हुए स्कूलों के वर्तमान समय 7:30 से 1:00 बजे के स्थान पर 16 मई तक 7.30 बजे से 11:00 बजे तक कराने का आग्रह किया है।


# हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार:आपसी विवाद के चलते चाकू मारकर की थी हत्या, पुलिस ने भीलवा पंचेला के जंगलों से पकड़ा

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



डूंगरपुर । चौरासी थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में फरार आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वारदात के बाद से जंगलों में छिपा हुआ था। आरोपी ने आपसी विवाद के चलते अपनी पड़ोसी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। चौरासी थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि भीलवा पंचेला निवासी वाडीलाल ने 1 मई को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में वाडीलाल ने बताया की उसके पिता बैंड बजाने का काम करते हैं। 30 अप्रैल की रात के समय उसके पिता भगवानलाल ढोली (45), मां लासा, बहन चंद्रिका, मौसी संगीता, नाना लक्ष्मण सभी रात 10 बजे खाना खाकर घर में बाते कर रहे थे। उसी समय पड़ोसी गौरीशंकर पुत्र कुरा रोत हंगामा करते हुए उसके घर आया था। गाली-गलौज करते हुए दरवाजे पर लाते मारी। इस पर पिता भगवानलाल ने लाइट जलाकर दरवाजा खोला। इसके बाद पिता भगवानलाल घर के बाहर आए तो गौरीशंकर उसके पिता के पेट में चाकू घोंपकर फरार हो गया था। घटना में भगवानलाल की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। वहीं, आरोपी गौरीशंकर की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी गौरीशंकर को भीलवा पंचेला के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# शेयर मार्केट व्यापारी ने किया सुसाइड:मरने से पहले लिखा सुसाइड नोट , एक महिला और दो व्यक्तियों को बताया मौत का जिम्मेदार



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

भीलवाड़ा. शहर में एक शेयर मार्केट से जुड़े व्यापारी ने एक महिला सहित दो पुरुषों की धमकियों से आकर परेशान होकर सुसाइड कर लिया । बताया जा रहा है कि 6 माह पूर्व पड़ोस में लड़ाई झगड़ा होने पर यह बीच बचाव करने गया था और उसके बाद उन्होंने इसके खिलाफ ही मामला दर्ज करा दिया । तब से इसे लगातार टॉर्चर किया जा रहा था ।शुक्रवार दोपहर जब ये घर पर अकेला था तो इसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया । घटना का पता 6 साल की बेटी को दोपहर बाद जब वो स्कूल से घर पहुंची तो उसने अपने पापा को फांसी के फंदे से लटका देखा और उसकी चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ौसी और कुछ देर में उसकी पत्नी घर पर पहुंची और उसे हॉस्पिटल पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया । मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के आदर्श नगर का है । यहां रहने वाले अविनाश पिता बहादुर वर्मा ( 36 ) ने शुक्रवार दोपहर अपने घर पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी । मरने से पहले अविनाश ने एक सुसाइड नोट लिखा है जिसमें अपनी मौत का जिम्मेदार राहुल सोनी , अखिलेश वैष्णव और मीनाक्षी सोनी को बताया है । मृतक अपनी पत्नी और 6 साल की बच्ची के साथ रह रहा था । जिस समय इसने सुसाइड किया तब बच्ची स्कूल गई थी और पत्नी घर के किसी काम से बाजार गई थी । बच्ची के स्कूल से लौटने पर उसने अपने पापा को फांसी के फंदे से लटका देखा । सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को फंदे से उतरवा महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में भिजवाया और मृतक के अहमदाबाद में रहने वाले पिता और भाई को सूचित किया । आज उनके भीलवाड़ा पहुंचने पर मृतक का पोस्टमार्टम किया गया । मृतक के भाई ने बताया कल मेरे भाई के साथ जो घटना हुई वो पहले भी हुई थी । कुछ आपसी झगड़ा चल रहा था । पड़ौसियों के झगड़े में वो बीच बचाव करने गया था और सारे आरोप लगा दिए गए । उसके बाद मामला खत्म हो गया था । सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को फंदे से उतरवा महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में भिजवाया और मृतक के अहमदाबाद में रहने वाले पिता और भाई को सूचित किया । आज उनके भीलवाड़ा पहुंचने पर मृतक का पोस्टमार्टम किया गया । मृतक के भाई ने बताया कल मेरे भाई के साथ जो घटना हुई वो पहले भी हुई थी । कुछ आपसी झगड़ा चल रहा था । पड़ौसियों के झगड़े में वो बीच बचाव करने गया था और सारे आरोप लगा दिए गए । उसके बाद मामला खत्म हो गया था ।

फिर कल जो आरोपी था वो हमारे घर पर आया था । राहुल सोनी , अखिलेश वैष्णव और मीनाक्षी सोनी पहले जब झगड़ा हुआ तब भी यही लोग थे और कल भी राहुल सोनी ने घर पर आकर धमका के गया था और वीडियो कॉल करके वीडियो कॉलिंग में कह रहा था सबको जान से मार दूंगा । पड़ोसियों का कोई झगड़ा था छोटा-मोटा कोई झगड़ा था । यह बस समझाने गया था । ये लगातार मेंटली टॉर्चर हो रहा था । जो आरोपी हैं उन्हें सजा मिले और हमको न्याय मिले ।

# जनजाति मंत्री को धमकी, विधायक मीणा ने मुस्कुराते हुए दिया ज्ञापन, हमले को बताया अंतर्राष्ट्रीय साजिश



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate @gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान सरकार के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी को जान से मारने की धमकी देने पर आज उदयपुर ग्रामीण विधायक ने आईजी और कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मीणा मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ज्ञापन में मीणा ने आपराधिक कृत्य में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में लिखा कि राजस्थान सरकार के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी को सोशल मीडिया पर अज्ञात बदमाशों की और से जान से मारने की धमकी दी गई है। यह इसलिए भी अत्यधिक चिंताजनक है, क्योंकि यह धमकी इस आदिवासी अंचल में धर्मांतरण से जुडे व आदिवासी संस्कृति को सुनियोजित तरीके से समाप्त करने का प्रयास कर रहे कुछ अंतराष्ट्रीय व अराजक तत्वों की ओर से दी गई है। झाडोल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाबूलाल खराडी उदयपुर जिले के दुर्गम आदिवासी क्षेत्र कोटडा से है। यहां से पहली बार किसी आदिवासी विधायक को राजस्थान सरकार में जनजाति विकास विभाग का मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। मंत्री बनने के बाद से बाबूलाल खराडी की और से आदिवासी समाज को धर्मांतरण कराने में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुखर चलाया गया है। इससे बौखला कर कुछ समाज कंटकों ने मंत्री खराडी को आदिवासी समाज को हिन्दू समाज से जोडे रखनें सम्बन्धी मुद्दे से हटने की धमकी देने का कुकृत्य किया गया है। निवेदन किया गया कि अपराध में लिप्त सभी अपराधियों को तत्काल गिरफतार किया जाए। इस तरह के अपराधियें को संरक्षण देने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कड़ी से कडी कानुनी कार्यवाही की जाए। जिससे कि इस क्षेत्र में उनका आतंक खत्म हो। क्षेत्र में भय का माहौल मिटे व शाति व सुरक्षा का भाव पुनः स्थापित हो सके।

# मोहन मेनारिया संभाग अध्यक्ष मनोनीत

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate @gmail.com



विप्र सेना द्वारा मोहन मेनारिया को संभाग अध्यक्ष बनाए जाने पर पानेरियों की मादड़ी व्यापार मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर संरक्षक छगनलाल मेनारिया ने पगड़ी तथा प्रभारी बंसीलाल नाथावत ने उपरना पहनाकर स्वागत किया अंत में मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया इस अवसर पर ओम मेनारिया, सुरेश मेनारिया, बद्रीलाल खारोल, पुष्कर सोनी , सोहन लाल मेनारिया, श्याम जोशी , नारायण लाल मेनारिया , मुकेश मेनारिया, पुष्कर मेनारिया, देवेंद्र सिंह,अनिल जाट आदि व्यापार मंडल के सदस्य उपस्थित थे यह जानकारी व्यापार मंडल के महासचिव नंदलाल जोशी ने दी।

24 न्यूज अपडेट
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
24 NEWS UPDATE
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।